नेहरू स्टेडियम इंदौर में 23 जून 2018 को आयोजित होने वाले ''मध्यप्रदेश शहरी विकास महोत्सव एवं स्वच्छता सर्वेक्षण 2018'' कार्यक्रम के अवसर पर माननीय लोक सभा अध्यक्ष का भाषण।

- आज माननीय प्रधानमंत्री जी हमारे बीच उपस्थित हैं। समस्त इंदौरवासियों की तरफ से प्रधानमंत्री जी का हार्दिक अभिनंदन है।

- इंदौर देश के स्वच्छता सर्वे में पिछले दो वर्षों से लगातार प्रथम आया है, तो इसके लिए इंदौर नगर निगम के कर्मचारी–अधिकारीगण, पार्षद, मेयर, इंदौर की समाजसेवी संस्थाओं सहित जनप्रतिनिधिगण बधाई के पात्र हैं। लेकिन इन सबसे बढ़कर यह इंदौर की जनता की उपलब्धि है, उनका योगदान है इसलिए इंदौर की जनता का अभिनंदन एवं उनको नमन। यह उपलब्धि और भी उल्लेखनीय है कि इंदौर ने न केवल 2017 में नंबर एक का स्थान हासिल किया बल्कि 2018 में भी उसे बरकरार रखा। इंदौर की जनता का यह गुण, यह चरित्र इस शहर को विशिष्ट बनाता है और इसलिए यहां की जनता और इस शहर की पहचान अनुशासित, शांतिप्रिय और सुसंस्कृत शहर की है।

- मैं प्रधानमंत्री जी को यह आश्वस्त करना चाहूंगी कि स्वच्छता के प्रति आग्रह अब जनांदोलन बन चुका है और यह अभियान इंदौर में ऑटो पायलट मोड में आ

गया है। अब यहां के जागरूक नागरिक इंदौर को स्वच्छता में सदैव अग्रणी बनाए रखेंगे।

- मैं जब विदेश जाती हूं तो न केवल वहां रहने वाले भारतीय मूल के नागरिक बल्कि उस देश के रहने वाले लोगों द्वारा इंदौर की स्वच्छता के बारे में ज़िक्र होता है। अभी मैं फिनलैंड की यात्रा पर गई थी, तो वहां की स्पीकर (सुश्री पाउला रिसिक्को) ने मिलते ही सबसे पहले स्वच्छता सर्वेक्षण में इन्दौर के प्रथम आने पर मुझे बधाई दी। इंदौर का यह मान–सम्मान और इंदौर की यह विशिष्ट पहचान मन को आह्लादित कर देती है।

- हम जब विदेश जाते हैं तो वहां हमें भारतीय मूल के नागरिक मिलते हैं। जब भारतीय मूल के नागरिक कहते हैं कि वर्तमान सरकार के आने के बाद विदेश में उनका आत्मविश्वास और सम्मान बढ़ा है, तब हमें गर्व महसूस होता है।

- अभी क्लीन इंदौर तो हो गया है। अब हम ग्रीन इंदौर बनाना चाहते हैं तथा सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम भी प्रारंभ हो गया है। अब नया नारा है ''क्लीन इंदौर ग्रीन इंदौर''।

- आज यहां पर श्री हरदीप सिंह पुरी जी उपस्थित हैं, जिन्होंने आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के कार्यों को गति दी है। उनके नेतृत्व में मंत्रालय ने मध्यप्रदेश के सभी 374 नगरीय निकायों में लगभग एक लाख लोगों के लिए प्रधानमंत्री आवास गृह बनवाए हैं।

- माननीय प्रधानमंत्री जी के करकमलों द्वारा आज एक लाख प्रधानमंत्री आवास का उनके लाभार्थियों का गृह–प्रवेश कराना सुनिश्चित हुआ है। यह वास्तव में good governance का उदाहरण है एवं इससे उन लाभार्थियों के जीवन में बड़ा परिवर्तन आएगा एवं खुशहाली आएगी।

- साथ ही, स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत 5 स्मार्ट सिटी इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर एवं उज्जैन में लगभग पौने तीन सौ करोड़ रुपए की लागत से 23 कार्यों का लोकार्पण प्रधानमंत्री जी के करकमलों द्वारा किया जाना सुनिश्चित हुआ है। मध्यप्रदेश की जनता के लिए ये दूरगामी एवं बहुत ही उपयोगी सिद्ध होंगे।

- प्रदेश में 14 पेयजल योजनाओं के शुभारंभ, 10 पार्कों के लोकार्पण, कटनी में 35 करोड़ की लागत से बनाए गए Integrated Solid Waste Management Project होना भी सुनिश्चित हुआ है जो पर्यावरण की दृष्टि से उपयोगी सिद्ध होगा।

- मध्यप्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी Urban Transport Scheme के तहत 20 चुनिंदा शहरों में ''सूत्र सेवा मध्यप्रदेश की अपनी बस'' के शुभारंभ से सम्पूर्ण मध्यप्रदेश के निवासियों को किफायती दरों पर आने–जाने की सुविधा मिलेगी। इसके तहत मध्यप्रदेश के 20 चुनिंदा शहरों में 1600 बसें चलने लगेंगी।

- मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान जी ने मध्यप्रदेश में अपने नेतृत्व में जिस प्रकार से विभिन्न कार्यों में राज्य सरकार की ओर से जो सहयोग किया है, वह प्रशंसनीय है।

- मुझे खुशी है कि माननीय प्रधानमंत्री के ओजस्वी नेतृत्व में देश एवं मुख्यमंत्री के समर्थ नेतृत्व में हमारा प्रदेश समृद्धि की नई कहानी लिख रहा है।

- वर्तमान सरकार का ध्यान देश के चहुंमुख विकास की ओर है एवं हरेक क्षेत्र के विकास की योजनाएं न केवल बनी हैं बल्कि उन पर काम हुआ है। अवसंरचना, विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य इत्यादि सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।

- विकास की इस कड़ी में सभी नागरिकों को भी आगे बढ़कर अपना योगदान देना है। अतः, मैं सभी नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, कर्मचारियों एवं अधिकारियों से यह आग्रह करूंगी कि वे विकास की इस प्रक्रिया में सहभागी बने।

धन्यवाद।

————————